पत्र सूचनाशाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

विश्वविद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

कुलपति निर्माण कार्यों का कार्यदायी संस्था से वन टाइम एग्रीमेंट करें

विश्वविद्यालय प्रति माह राजभवन को निर्माण कार्यों के प्रगति की रिपोर्ट भेजें–

श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 1 जुलाई, 2021

समस्त कार्यदायी संस्थाएं विश्वविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों को समयबद्धता एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करना सुनिश्चित करें। किसी भी दशा में निर्माण कार्य की लागत धनराशि एवं समय सीमा में परिवर्तन नहीं होना चाहिए। यह निर्देश उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन लखनऊ से वर्चुअली समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश विश्वविद्यालयों के कुलपतियों तथा कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य के लिए स्टीमेट पूर्णतया सोच समझकर बनाए ताकि भविष्य में स्टीमेट रिवाइज न कराना पड़े। राज्यपाल ने कार्यदायी संस्थाओं की उदासीनता के कारण निर्माण कार्यों में हो रहे विलम्ब एवं उनकी लचर कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई तथा निर्देश दिये कि प्रत्येक दशा में तय सीमा के अन्दर निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरे किये जाएं। समय पर कार्य पूर्ण न करने वाली संस्थाओं पर उन्होंने कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

कुलाधिपति ने कुलपतियों को निर्देश दिये कि विश्वविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों के अनुश्रवण हेतु कमेटी का गठन करें तथा प्रति माह राजभवन को

कार्यों के प्रगति की रिपोर्ट भेजें। राज्यपाल ने लम्बे समय से चल रहे निर्माण कार्यों के अभी तक पूर्ण न होने वाली कार्यदायी संस्थाओं को कड़ी फटकार लगायी तथा इसकी विस्तृत रिपोर्ट मुख्यमंत्री जी को प्रेषित करने के निर्देश भी दिये। राज्यपाल जी ने कहा कि जब भी किसी निर्माण कार्य के लिए कार्य योजना बनती है तो उसको विश्वविद्यालय में शुरू करने से पूर्व समस्त कुलपति कार्यदायी संस्था से उसके कार्य की पूर्ण गुणवत्ता एवं समयबद्धता से पूर्ण करने हेतु वन टाइम एग्रीमेंट करें तथा उसके अनुश्रवण हेतु तकनीकी विंग के साथ समय–समय पर कार्य की प्रगति एवं समय की समीक्षा भी करें। उन्होंने कहा कि कार्य शुरू करने से पूर्व डिजाइन के संबंध में भली प्रकार विचार–विमर्श कर लिया जाय ताकि बाद में डिजाइन के परिवर्तन में किसी प्रकार की गुंजाइश न रहे।

राज्यपाल जी ने कहा कि निर्माण कार्य शुरू करने से पूर्व समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करें तथा यदि कहीं से अनापित्त प्रमाण पत्र लिया जाना है तो समयानुसार उसे भी प्राप्त कर लें। राज्यपाल जी ने कुलपतियों को निर्देश दिया कि राजभवन द्वारा मांगी गयी सभी सूचनाएं निर्धारित समय सीमा तथा निर्धारित फार्मेट पर भेजें तथा भेजने से पूर्व इस बात को सुनिश्चित कर लिया जाय कि भेजी जा रही सूचनाएं पूर्णतया सत्य हैं।

समीक्षा बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री महेश गुप्ता, विश्वविद्यालयों के निर्माण कार्य हेतु इकाई के प्रमुख, सम्बन्धित विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव, वित्त नियंत्रक व कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग उ0प्र0, लखनऊ, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ, भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ, लखनऊ, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0, लखनऊ, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद्, लखनऊ, उ0प्र0 स्टेट कंस्ट्रक्शन एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि0, लखनऊ, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा,

ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जवाहर भवन, लखनऊ, उ0प्र0 प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि0, लखनऊ आदि के प्रभारी अधिकारी आनलाइन जुड़े हुए थे।

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन(259/46)